तांडव

कई वाहनों को मारी टक्कर, इलाके में मची अफरा-तफरी, ट्रक सहित चालक हो गया फरार

# तेज रफ्तार ट्रक ने मचाया तांडव, दुकानें क्षतिग्रस्त, 2 घायल

**कोतमा नवभारत 27 मई।** नगर के गहरवार प्रेस के पास मंगलवार रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने जमकर तांडव मचाया। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक चालक ने कई वाहनों और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस सड़क हादसे में दो लोग घायल हुए हैं, वहीं भारी मात्रा में संपत्ति का नुकसान हुआ है।

पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कोतमा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कॉलरी निवासी फरियादी जावेद खान ने अपने साथियों मुक्तेश्वर मिश्रा, दुर्गेश चौधरी और अभिषेक सिंह के साथ कोतमा थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई।





### चालक बेहद तेज गति और लापरवाही से चला रहा था ट्रक

जावेद खान ने बताया कि गहरवार प्रेस के पास उनकी इलेक्ट्रॉनिक दुकान है।

मंगलवार रात करीब 8:50 बजे जब वे अपनी दुकान बंद कर रहे थे, तभी शारदा मंदिर रोड की ओर से ट्रक क्रमांक एमएच 43 सीक्यू 6715 का चालक सोनू सोनकर वाहन को बेहद तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए आया।

### अनियंत्रित ट्रक ने सबसे पहले मोटरसाईकिल को मारी टक्कर

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, अनियंत्रित ट्रक ने सबसे पहले दुकान के बाहर खड़ी टीवीएस मोटरसाईकिल को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाईकिल जावेद खान के ऊपर ही गिर गई, जिससे वे घायल हो गए। इसके बाद आरोपी चालक ने ट्रक को तेजी से बैक किया, जिसकी चपेट में आने से दुर्गेश चौधरी की मोटरसाईकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### गन्ने की दुकान में रखीं कुर्सियां टूट गईं

यही नहीं, ट्रक की टक्कर से पास ही स्थित मनोज जैन की गन्ने की दुकान के सामने रखी कुर्सियां टूट गईं और अनिमेष प्रताप सिंह की दुकान का छज्जा व शटर भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### भागने के चक्कर में कार को भी मारी टक्कर

दुकानों और वाहनों को क्षतिग्रस्त करने के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर गोविंदा कॉलरी की ओर भागने लगा। भागने के प्रयास में उसने रास्ते में अभिषेक सिंह उर्फ विक्की की कार को भी टक्कर मार दी और मुक्तेश्वर मिश्रा की मोटरसाईकिल को रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। इस दौरान मुक्तेश्वर मिश्रा को भी गंभीर चोटें आई हैं।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के बाद से स्थानीय व्यापारियों और निवासियों में भारी आक्रोश है। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। कोतमा थाना पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रक चालक सोनू सोनकर के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है।



# 22 लीटर अंग्रेजी शराब व बाइक जब्त, 1 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** चौकी वेंकटनगर पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 22 लीटर अंग्रेजी शराब एवं एक बाइक जब्त की है।

जानकारी के अनुसार 26 मई को कस्बा भ्रमण के दौरान ग्राम कदमसरा में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 एक्यूर 1027 से बोरी में अंग्रेजी शराब भरकर अनूपपुर की ओर से छत्तीसगढ़ ले जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम कदमसरा आम रोड पर वाहन चेकिंग शुरू की। जहां कुछ देर बाद बताए गए हुलिए का व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम इतवार सिंहबताया। आरोपी के पास एक ग्रे रंग का बैग तथा बाइक की पिछली सीट पर बंधी सफेद रंग की बोरी मिली।

### आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

गवाहों की मौजूदगी में बैग एवं बोरी की तलाशी लेने पर उसमें अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की के कुल 126 क्वार्टर बरामद हुए। इनमें 104 शीशी बोरी से तथा 22 शीशी बैग से बरामद की गईं। कुल शराब की मात्रा 22.68 लीटर तथा अनुमानित कीमत 17 हजार रुपये आंकी गई, जिसे पुलिस ने जब्त करते हुए उसके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

# शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

ईद-उल-अजहा को लेकर भालूमाड़ा में शांति समिति की बैठक आयोजित

**जमुना-कोतमा नवभारत 27 मई।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को थाना भालूमाड़ा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय ने की। इस अवसर पर तहसीलदार एमडी पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका प्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम एवं हिंदू समाज के नागरिकों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान आगामी ईद पर्व के आयोजन को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित लोगों से सुझाव आमंत्रित किए गए। सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में क्षेत्र में भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं आपसी सहयोग बनाए रखते हुए पर्व मनाने का संकल्प लिया।



### चार स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी

थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि ईद के अवसर पर पूरे क्षेत्र में चार स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी। इसके लिए प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। नगर पालिका को पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं बिजली विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

## सिवनीसंगम में जन समस्या निवारण शिविर 29 को

**अनूपपुर, नवभारत।** तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम सिवनीसंगम में 29 मई को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सुचारु संचालन एवं समुचित क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पुष्पराजगढ़ को नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पुष्पराजगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने जनपद पुष्पराजगढ़ सीईओ को शिविर हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने जन समस्या रजिस्टर एवं आवेदन रजिस्टर संधारित करते हुए प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है। प्रशासन द्वारा संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं तथा शासन की इस पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# सामूहिक श्रमदान, नदी पूजन और किया गया जलाभिषेक

गंगा दशहरा पर जन अभियान परिषद की अनूठी पहल

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद अनूपपुर एवं नवांकुर संस्था राम किशोर सिंह जन उत्थान समिति के नेतृत्व में विकासखंड अनूपपुर सेक्टर क्रमांक 1 के विभिन्न ग्रामों एवं नगरों में सामूहिक श्रमदान, नदी पूजन, कलश यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रमों का उद्देश्य जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देना रहा। नगर पालिका क्षेत्र अनूपपुर में नगर विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा सोन नदी घाट पर जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में सहभागिता की गई।



### जल संरक्षण का दिया संदेश

इसके पश्चात नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक-06 द्वारा सोन नदी स्थित शिव मंदिर में नदी पूजन, कलश यात्रा एवं जलाभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक उमेश पांडे, समिति सदस्यों एवं परामर्शदाताओं की सक्रिय सहभागिता रही। नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड क्रमांक-12 एवं 14 के सदस्यों ने भी सोन नदी तट पर आयोजित सामूहिक श्रमदान में भाग लेकर जल संरक्षण का संदेश दिया।

### शिव मंदिर तक निकाली कलश यात्रा


इसी क्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवरी द्वारा तालाब से शिव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा शिव घाट स्थित जल स्त्रोत का विधिवत पूजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू छात्राओं, समिति सदस्यों, ग्रामीण महिलाओं एवं ग्रामवासियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बम्हनी द्वारा मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर कलश यात्रा निकाली गई तथा नदी घाट का पूजन किया गया।

## एक नजर में



### कॉम्बिंग गश्त के दौरान 13 स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में फरार वारंटियों एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कॉम्बिंग गश्त अभियान के दौरान बिजुरी, रामनगर एवं चौकी सरई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के तहत कुल 13 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, वहीं दो मामलों में आरोपियों के मृत्यु प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए गए। थाना बिजुरी पुलिस ने 26 मई को कॉम्बिंग गश्त के दौरान विभिन्न न्यायालयों से जारी स्थायी वारंटों के आधार पर 6 वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गेंदलाल उर्फ बाबूली साहू, रवि कोल, किशनलाल प्रजापति, मुक्तीबाला केवट, संतोष सिंह गोंड तथा अब्दुल अजीज ी शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इसी क्रम में 27 मई की रात्रि जिलेभर में चलाए गए विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान के तहत रामनगर थाना पुलिस ने भी संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 6 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। चौकी सरई पुलिस ने 5 से 6 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी विजय सिंह को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की।



### डॉ.एचपी तिवारी गौरव अलंकरण से सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** धार के बहुचर्चित भोजशाला प्रकरण पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के ऐतिहासिक निर्णय के बाद अब यहां नमाज नहीं सिर्फ मां सरस्वती के अखंड पूजन अर्चन, वैदिक मंत्रोच्चार और मां वाग्देवी के जयकारों के स्वर गुंजायमान हो रहे हैं। सनातनी गौरव पुनर्स्थापन की इस ऐतिहासिक विजय के सूत्रधार और भोजशाला प्रकरण के याचिका कर्ता डॉ.एच.पी.तिवारी को शिवशक्ति धाम भक्त मंडल द्वारा सनातन गौरव अलंकरण से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर डॉ.एच.पी.तिवारी ने उच्च न्यायालय के फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सनातन धर्म और सनातन परंपरा की जीत निरूपित किया।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर में किए 151 हनुमान चालीसा पाठ

**नवभारत, जबलपुर।** पंचमुखी हनुमान मंदिर साकेत नगर में अगहन अधिक मास के गंगा दशहरा पद्मिनी एकादशी और बड़े बुढ़वा मंगलवार के संयोग पर हनुमान चालीसा के 151 पाठ किए। इस मौके पर विश्व शांति और भारत में अच्छे मानसून के लिए श्रीराम लला सरकार, हनुमान महाराज से विशेष प्रार्थना, हनुमान चालीसा पाठ में पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, पार्षद प्रतिभा भापकर, नीता रजक, रूपा दहिया, सरिता दुबे, पूनम राजपूत, नीलू बेन, मेघा पटेल, कीर्ति जायसवाल, अनीता मिश्रा, अर्पणा, सुमन उसरेठे मोना उपाध्याय, श्री साईं महिला मंडल साकेत नगर की रूपा उपाध्याय, भारती श्रीवास्तव, यशोदा मेवारी, गायत्री कौरव, राशि पटेल, आराधना श्रीवास्तव, अलका वर्मा, कामिनि पटेल, नंदिनी साक्षी उषा किरण जोशी, दीप्ति तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मातृशक्ति की उपस्थिति रही।





# भाजपा ने देश को नई राजनीतिक दिशा दी : शिव प्रकाश

अमरकंटक में भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने कहा कि भाजपा ने केवल संगठन विस्तार ही नहीं किया, बल्कि भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने के साथ देश की राजनीति की दिशा और दृष्टि बदलने का कार्य भी किया है।

उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व के सामने मजबूती से खड़ा है और यह वर्षों के वैचारिक संघर्ष तथा राष्ट्रवादी सोच का परिणाम है। अनूपपुर जिले के अमरकंटक में आयोजित दो दिवसीय भाजपा जिला प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन बुधवार को प्रथम सत्र में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद हिमाद्री सिंह ने की।

### देश विभाजन के समय हिंदुओं को पीड़ा झेलनी पड़ी

शिव प्रकाश ने कहा कि आजादी के बाद देश को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाए, इसे लेकर वैचारिक संघर्ष हुआ। एकात्म मानववाद की अवधारणा के साथ जनसंघ का उदय हुआ और बाद में भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्र निर्माण का कार्य आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि देश विभाजन के समय हिंदू समाज को भारी पीड़ा झेलनी पड़ी, लेकिन उनकी आवाज उठाने वाला कोई नहीं था।

### भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जाएगा

राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, महिलाओं के सम्मान और भागीदारी को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन जैसे कदम उठाए गए हैं। साथ ही जनजातीय समाज के गौरव, स्वदेशी अभियान, राष्ट्रभाषा हिंदी के सम्मान और गरीब कल्याण की योजनाओं पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है।

# किसानों को दी ई-विकास पोर्टल की जानकारी

ग्राम पंचायत पयारी नं. 2 और सोहीबेलहा में पहुंची कृषि रथ यात्रा

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** जिले में कृषि कल्याण वर्ष-2026 के तहत संचालित कृषि रथ यात्रा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रही है। इसी क्रम में बुधवार को ग्राम पंचायत पयारी नं. 2 एवं ग्राम पंचायत सोहीबेलहा सहित विभिन्न पंचायतों में कृषि रथ यात्रा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों एवं विभागीय अधिकारियों ने किसानों को ई-विकास पोर्टल के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया। अधिकारियों ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से किसान कृषि विभाग की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं, अनुदान (सब्सिडी) तथा पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की जानकारी और उनकी पारदर्शी ट्रैकिंग घर बैठे कर सकते हैं। साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई और ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की

कार्यक्रम के दौरान किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व, जैविक खेती को बढ़ावा देने, उन्नत बीजों के चयन तथा ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने के संबंध में तकनीकी जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने की अपील की। ग्रामीणों एवं किसानों ने कृषि रथ यात्रा को उपयोगी बताते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

आरोप

घटिया निर्माण पर मचा बवाल, इंजीनियर, ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप, सीएमओ ने भी मानी गुणवत्ता में खामी

# बरगवां में 34 लाख की पीसीसी सड़क को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप

**अनूपपुर, नवभारत 27 मई।** जिले की बरगवां नगर परिषद में 34 लाख रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क अब भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण के आरोपों के घेरे में आ गई है। सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों बाद उसके टूटने और उखड़ने से स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी है।

मामले में इंजीनियर, ठेकेदार और परिषद अधिकारियों की मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य जय अम्बे कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया गया था। निर्माण के दौरान इंजीनियर अंजनी प्रजापति मौके पर मौजूद थे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान ही गुणवत्ता संबंधी खामियां स्पष्ट दिखाई दे रही थीं, बावजूद इसके कार्य को न तो रोका गया और न ही किसी प्रकार की तकनीकी आपत्ति दर्ज की गई।



### ब्लैकलिस्ट करने के बजाय ठेकेदार को राहत!

नियमों के अनुसार यदि निर्माण कार्य गुणवत्ताविहीन पाया जाता है तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। लेकिन आरोप है कि परिषद कार्यालय से महज 100 मीटर दूर स्थित ठेकेदार की फर्म पर कार्रवाई करने के बजाय उसे राहत दी जा रही है। सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा ठेकेदार से कहा गया कि वह अपने खर्चे से सड़क पर डामर की परत चढ़ा दे, भुगतान बाद में कर दिया जाएगा।

### भुगतान रुका, फिर भी शुरू हुआ डामरीकरण

गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के कारण सड़क का अंतिम भुगतान रोक दिया गया था। इसके बावजूद अब आनन-फानन में सड़क पर डामर चढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। नागरिकों का आरोप है कि बिना तकनीकी जांच कराए डामरीकरण कर भ्रष्टाचार के सबूत मिटाने की कोशिश की जा रही है।

### अध्यक्ष और संभागीय अभियंता पर सवाल

क्षेत्र में चर्चा है कि पूरे मामले में परिषद अध्यक्ष और संभागीय अभियंता अरविंद कुमार शर्मा की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आरोप है कि बिना किसी थर्ड पार्टी तकनीकी जांच के दोबारा डामरीकरण कराने के निर्देश देकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रशासन से 5 बड़े सवाल

बरगवां नगर परिषद में हुए इस भ्रष्टालचार से 5 सवाल जिनमें निर्माण के दौरान मौजूद इंजीनियर अंजनी प्रजापति ने घटिया कार्य क्यों नहीं रुकवाया, गुणवत्ताविहीन निर्माण के बावजूद ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट क्यों नहीं किया गया, भुगतान रोकने के बाद डामरीकरण की अनुमति किस आधार पर दी गई, कार्य की निगरानी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही कब तय होगी, क्या पूरे प्रकरण की थर्ड पार्टी तकनीकी जांच कराई जाएगी।

### स्वतंत्र जांच की मांग तेज

स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर अनूपपुर से मांग की है कि 34 लाख रुपये के इस निर्माण कार्य की टेंडर प्रक्रिया, एमबी बुक, मटेरियल टेस्ट रिपोर्ट और भुगतान संबंधी दस्तावेजों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही इंजीनियर अंजनी प्रजापति, ठेकेदार जय अम्बे कंस्ट्रक्शन और संभागीय अभियंता अरविंद कुमार शर्मा की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए।